[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, मंगलवार, 07 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 251, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

सभ्यता के शिल्पियों को पहली ... 02

03 बदलती चुनौतियों के ...

# सहकारिता से बदलेगा ग्रामीण भारत का भविष्य: अमित शाह, राजस्थान सहकारिता मॉडल की देशभर में सराहना

**सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस समारोह में राजस्थान की उपलब्धियों का राष्ट्रीय मंच पर हुआ उल्लेख, मुख्यमंत्री बोले- गांव-ढाणी तक पहुंचा सहकारिता आंदोलन**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com














**नई दिल्ली/जयपुर ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद देश में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा मिली है। सहकारिता के माध्यम से कृषि, ग्रामीण विकास, पशुपालन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हुए हैं और आज सहकारिता ग्रामीण भारत की आर्थिक मजबूती का प्रभावी माध्यम बन चुकी है।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए ई-पैक्स व्यवस्था लागू की गई है, जिससे कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनी है। डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से किसानों और सहकारी संस्थाओं को तेज एवं पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भूमि की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राजस्थान में सहकारिता आंदोलन गांव-ढाणी तक पहुंच चुका है। प्रदेश में लगभग 42 हजार सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिनसे एक करोड़ 35 लाख से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं। हाल ही में चलाए गए सदस्यता अभियान के तहत 8 लाख 90 हजार नए सदस्य सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं, जिससे प्रदेश का सहकारिता परिवार और अधिक मजबूत हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का डेयरी सहकारिता मॉडल लाखों पशुपालक परिवारों की आर्थिक मजबूती का आधार बन चुका है। राज्य में डेयरी संघों ने रिकॉर्ड कारोबार दर्ज किया है तथा दूध संग्रहण 38 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 45 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गया है। डेयरी सहकारिता से जुड़ी महिला सदस्यों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 5,646 से अधिक पैक्स समितियों को ई-पैक्स में परिवर्तित किया जा चुका है और इनके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक ऑनलाइन लेनदेन हो चुके हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। प्रत्येक पंचायत में सहकारी समिति गठन की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में अब तक 5,279 नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है, जिनमें 1,977 एम-पैक्स स्थापित कर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता क्षेत्र को नई सौगातें भी दी गईं। 50 हजार पैक्स समितियों को ई-पैक्स प्रणाली से जोड़ा गया। इसके साथ ही नए गोदामों का शिलान्यास एवं लोकार्पण, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल 3.0, जियो टैग मोबाइल एप, डेयरी डैशबोर्ड सहित कई डिजिटल एवं सहकारी परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। सहकारिता आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के सहकारी मॉडलों और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया।

## सीबीआई की देशव्यापी कार्रवाई, सीमा सड़क संगठन में सरकारी धन के गबन मामले में 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 26 ठिकानों पर छापे

**फर्जी मजदूर दिखाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप, 10 सैन्य अधिकारियों समेत कई लोगों पर मामला दर्ज**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में सरकारी धन के कथित गबन से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में की गई। सीबीआई ने इस मामले में चार अलग-अलग आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। ये मामले लद्दाख में सीमा सड़क संगठन की प्रोजेक्ट विजयक और प्रोजेक्ट योजक के अंतर्गत कैजुअल मजदूरों की




तैनाती और फर्जी मजदूरों के नाम पर भुगतान जारी कर सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़े हैं।

जांच के अनुसार रक्षा मंत्रालय द्वारा सीमा सड़क संगठन के तकनीकी अधिकारियों की आंतरिक जांच रिपोर्ट के आधार पर आपराधिक शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, जिसके बाद सीबीआई ने चार प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले में सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक षड्यंत्र, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार तथा रिश्वतखोरी से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

सीबीआई ने इन मामलों में लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और अभियंता स्तर के कुल 10 अधिकारियों के साथ कुछ निजी व्यक्तियों को भी नामजद किया है।

तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। सीबीआई का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और पूरे प्रकरण की हर पहलू से जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण सेवा शिविर में कलेक्टर ने परखी व्यवस्थाएं, किसानों से किया संवाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने पंचायत समिति झल्लारा की मालपुर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए।

शिविर में जिला कलेक्टर ने लाभार्थियों को मिनीकिट, टीबी पोषण किट, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर मालपुर के खेतों




में पहुंचे और किसानों से कृषि गतिविधियों तथा विभागीय योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। किसानों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप

**13.38 करोड़ रुपये के बिल के बदले 12 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप,**

### एनएचएआई के परियोजना निदेशक सहित तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली @ पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय




राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), शिलांग के परियोजना निदेशक आनंद सिंह चौहान तथा निजी व्यक्ति पुनीत अग्रवाल और मनीष अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 13.38 करोड़ रुपये के लंबित बिल का भुगतान कराने के बदले 12 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। सीबीआई ने 1 जुलाई 2026 को प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि एनएचएआई, शिलांग के परियोजना निदेशक आनंद सिंह चौहान ने परिवादी से 13.38 करोड़ रुपये के लंबित बिल को प्रक्रिया में आगे बढ़ाने के एवज में 12 लाख रुपये की अवैध रिश्वत मांगी थी।

जांच के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी अधिकारी ने रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 4 लाख रुपये अग्रिम देने के निर्देश दिए। उसने परिवादी को यह राशि गुवाहाटी में निजी व्यक्ति पुनीत अग्रवाल को सौंपने के लिए कहा। बाद में पुनीत अग्रवाल ने रिश्वत की राशि दूसरे निजी व्यक्ति मनीष अग्रवाल को देने के निर्देश दिए।

सीबीआई ने शिकायत के सत्यापन के बाद योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान मनीष अग्रवाल को परिवादी से 4 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके बाद सीबीआई ने परियोजना निदेशक आनंद सिंह चौहान, पुनीत अग्रवाल और मनीष अग्रवाल को गिरफ्तार कर उनके संबंधित ठिकानों पर तलाशी भी ली। तलाशी के दौरान विभिन्न दस्तावेज एवं अन्य साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। सीबीआई मामले की गहन जांच कर रही है ताकि इस रिश्वतखोरी प्रकरण में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका का भी पता लगाया जा सके।

### उत्तम सेवा धाम में 28-29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महा-महोत्सव

**बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** गुरु पूर्णिमा महा-महोत्सव के अवसर पर उत्तम सेवा धाम, जानामेड़ी आश्रम में 28 एवं 29 जुलाई को दो दिवसीय धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरु भक्त मंडल की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। महोत्सव के तहत 28 जुलाई को विशेष अनुष्ठान की पूर्णाहुति, गुरु पादुका का मंगल प्रवेश, पूजन, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा। वहीं परम पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से 'माही से महाकाल, उज्जैन' पदयात्रा का शुभारंभ भी आश्रम से किया जाएगा। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान उत्तम महिला सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी तथा संगीतमय सुंदरकांड पारायण का आयोजन होगा। बैठक में आचार्य पं. दिव्य भारत पंड्या, संरक्षक महेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गुरु भक्त उपस्थित रहे।

### पूर्व जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ ईडी का अभियोजन

**भोपाल/इंदौर @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय ने अलीराजपुर के पूर्व जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के खिलाफ पीएमएलए अदालत, इंदौर में अभियोजन शिकायत दायर की है। जांच में 18.20 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है। विशेष अदालत ने आरोपी को नोटिस जारी किया है। इससे पहले ईडी संबंधित संपत्तियां कुर्क कर चुकी है।

## आईआईएम उदयपुर को हरित परिसर बनाने की कार्ययोजना तैयार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्रीन पीपल सोसायटी और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) उदयपुर के




बीच मानसून पौधारोपण अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में संस्थान परिसर को स्थानीय जैव-विविधता के अनुरूप विकसित कर हरित परिसर का मॉडल बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। आईआईएम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश बिदियप्पा ने परिसर का मास्टर प्लान प्रस्तुत करते हुए पौधारोपण के संभावित स्थलों की जानकारी दी। इसके बाद ग्रीन पीपल सोसायटी के विशेषज्ञों ने परिसर का निरीक्षण कर स्थानीय जलवायु के अनुरूप देशी प्रजातियों के पौधे लगाने और दीर्घकालिक हरित विकास के सुझाव दिए। सोसायटी ने पौधों के चयन, वैज्ञानिक पौधारोपण और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन के लिए दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से कार्य करने पर सहमति व्यक्त की।

## एनसीएल के पूर्व सीएमडी पर ईडी की कार्रवाई

**भोपाल/जबलपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भोला सिंह के खिलाफ पीएमएलए अदालत, जबलपुर में अभियोजन शिकायत दायर की है। जांच में 2.79 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ। ईडी पहले ही सोने के आभूषण और रांची स्थित फ्लैट सहित संपत्तियां कुर्क कर चुकी है।

## बिहार डायल-112 ने पूरे किए चार वर्ष : 60 लाख से अधिक नागरिकों को मिली त्वरित मदद, औसत रिस्पॉन्स टाइम 10 मिनट

**महिला सुरक्षा, सड़क हादसे, घरेलू हिंसा और आपात सेवाओं में बनी भरोसेमंद व्यवस्था, अब एआई आधारित नेक्स्ट जेनरेशन ईआरएसएस की तैयारी**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**पटना।** बिहार पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) डायल-112 ने अपने सफल संचालन के चार वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने डायल-112 की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि डायल-112 के माध्यम से अब तक राज्यभर में 60 लाख से अधिक नागरिकों को आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है, जबकि औसत रिस्पॉन्स टाइम मात्र 10 मिनट रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से पुलिस, अग्निशमन सेवा, एम्बुलेंस, हाईवे पेट्रोलिंग, महिला एवं बाल हेल्पलाइन सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। नागरिक 112 पर कॉल, एसओएस, 112 इंडिया ऐप, एसएमएस तथा वेब पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसी भी स्थान से किसी भी समय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बिहार पुलिस के अनुसार वर्तमान में डायल-112 के तहत 1,833 इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल (ईआरवी) संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 1,283 चारपहिया और 550 दोपहिया वाहन शामिल हैं। प्रतिदिन औसतन 7,500 नागरिकों को आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्शाती है। पटना स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में सभी कॉल टेकर प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी हैं, जिससे महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो रही है।

आंकड़ों के अनुसार डायल-112 के माध्यम से अब तक 5.29 लाख से अधिक घरेलू हिंसा, महिला अपराध और बच्चों से जुड़े मामलों, 35.32 लाख से अधिक मारपीट एवं स्थानीय विवाद, 2.73 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाओं तथा 1.49 लाख से अधिक अग्निकांड की घटनाओं में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा 15.15 लाख से अधिक अन्य आपातकालीन मामलों में भी नागरिकों को समय पर राहत पहुंचाई गई। महिला सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए सितंबर 2024 में शुरू की गई सुरक्षित सफर सुविधा के तहत अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। अब तक 224 से अधिक महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल चुका है। भविष्य में महिलाओं के लिए वन-क्लिक एसओएस ऐप, मूवमेंट ट्रैकिंग तथा अन्य आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं भी शुरू करने की योजना है। बिहार पुलिस ने बताया कि आने वाले समय में डायल-112 को नेक्स्ट जेनरेशन इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ठऋएफर) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) आधारित अपराध विश्लेषण, क्राइम हॉटस्पॉट की पहचान, बॉडी वॉर्न कैमरा, डैश कैमरा, इमरजेंसी कॉल बॉक्स, रेलवे, एनएचएआई, ट्रॉमा सेंटर, निजी एम्बुलेंस और अन्य एजेंसियों के साथ एकीकृत व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे नागरिकों को और अधिक तेज, प्रभावी तथा तकनीक आधारित आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बिहार पुलिस ने स्पष्ट किया कि डायल-112 की सेवा पूरी तरह निःशुल्क है और राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण सेवा शिविर में लाडो योजना की दूसरी किश्त मिली

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत रीछड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा



शिविर में लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी माया प्रजापत को पुत्री जन्म पर 2,500 रुपये की दूसरी किश्त का चेक प्रदान किया गया। योजना का उद्देश्य बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना तथा उसकी शिक्षा और भविष्य को आर्थिक सहयोग देना है। इसके तहत पात्र बालिका को विभिन्न चरणों में कुल 1.50 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। माया प्रजापत ने योजना का लाभ मिलने पर राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह राशि उनकी पुत्री के भविष्य और शिक्षा में सहायक होगी। इस अवसर पर तहसीलदार ललित सैन, नायब तहसीलदार रोनक शर्मा, विकास अधिकारी जितेंद्र गुरनानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आईटीआई प्रशिक्षण अवधि को नियमित सेवा में जोड़ने की मांग

**सूरतगढ़ @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विभिन्न बैचों के तकनीकी कर्मचारियों ने तीन वर्षीय



आईटीआई प्रशिक्षण अवधि को नियमित सेवा में शामिल करने की मांग को लेकर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा है। डॉ. अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष बलीराम मेघवाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान कर्मचारियों से नियमित कर्मचारियों की तरह तकनीकी एवं उत्पादन कार्य कराया गया, लेकिन इस अवधि को सेवा में नहीं जोड़ा गया, जिससे वरिष्ठता, वेतन, पदोन्नति और पेंशन जैसे लाभ प्रभावित हो रहे हैं। समिति ने प्रशिक्षण अवधि को नियमित सेवा में शामिल कर सभी सेवा लाभ पुनर्निर्धारित करने, सभी विद्युत निगमों में समान नीति लागू करने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी इसका लाभ देने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपियां मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, संबंधित विभागों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भेजी गई हैं।

### डीएमएफटी से खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन ने प्रतिभावान खिलाड़ियों के विकास और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से विशेष योजना शुरू की है। इसके तहत चयनित विद्यालयों में खेल सामग्री, उपकरण, खेल पोशाक और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। योजना में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, खो-खो, बैडमिंटन, सॉफ्टबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी सहित विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि योजना का शुभारंभ 9 जुलाई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली के खेल मैदान में होगा। कार्यक्रम के बाद सॉफ्टबॉल का प्रदर्शन मैच भी आयोजित किया जाएगा।

### ग्रामीण सेवा शिविर में गर्भवती महिलाओं को वितरित की पोषण किट

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत बड़गांव में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गरिमा उपाध्याय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र महिलाओं से उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रमेश सिंह राजपुरोहित, सहायक विकास अधिकारी हितेश जोशी, प्रशासक संजय शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी गरिमा भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सभ्यता के शिल्पियों को पहली बार मिलेगा सार्वजनिक सम्मान

## विश्वविख्यात वास्तुविद मंडन की स्मृति में उदयपुर में बनेगा भारत का पहला 'आर्किटेक्ट्स टॉवर', इतिहास, वास्तुकला और विज्ञान का बनेगा अद्भुत संगम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** किसी भी सभ्यता की पहचान केवल उसके शासकों से नहीं होती, बल्कि उन शिल्पियों, वास्तुविदों और सृजनधर्मी मस्तिष्कों से भी होती है जिन्होंने नगर बसाए, दुर्गों का निर्माण किया, मंदिरों को स्वरूप दिया और संस्कृति को पत्थरों पर अमर कर दिया। इतिहास में राजाओं और योद्धाओं के स्मारक तो बने, लेकिन उन वास्तुकारों को सार्वजनिक स्मारकों में शायद ही कभी स्थान मिला, जिनकी कल्पना और कौशल ने इन धरोहरों को जन्म दिया। अब झीलों की नगरी उदयपुर इस ऐतिहासिक कमी को दूर करने की दिशा में एक अनूठी पहल करने जा रही है।


शोभागपुरा स्थित जे.के. सर्किल पर लगभग 35 फीट ऊँचा 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' निर्मित किया जा रहा है। यह केवल एक वास्तु संरचना नहीं होगा, बल्कि भारतीय वास्तुकला, शिल्प परंपरा और सृजनशीलता के प्रति समाज की सामूहिक कृतज्ञता का प्रतीक बनेगा। यह स्मारक विश्वविख्यात वास्तुविद मंडन को समर्पित रहेगा तथा समूचे आर्किटेक्ट और डिजाइनर समुदाय के सम्मान का सार्वजनिक प्रतीक बनेगा।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा ने बताया कि 7 जुलाई से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा और शीघ्र ही इसे आमजन को समर्पित किया जाएगा।

### भगवान विश्वकर्मा से प्रारंभ हुई सूत्रधार परंपरा

भारतीय शिल्प एवं वास्तु परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम सूत्रधार माना जाता है। निर्माण के सूत्रों को धारण करने वाले शिल्पियों को सूत्रधार कहा गया, जो समय के साथ सुथार और सुतार जैसे शब्दों में विकसित हुआ। मेवाड़ के शिलालेखों, प्रशस्तियों और ऐतिहासिक ग्रंथों में सूत्रधार शब्द सम्मान और गौरव का प्रतीक माना गया है।






### मेवाड़ के महान वास्तुविद मंडन को समर्पित होगी यह विरासत

पंद्रहवीं शताब्दी में मंडन ने मेवाड़ के यशस्वी शासक महाराणा कुंभा के प्रधान वास्तुविद एवं सूत्रधार के रूप में भारतीय वास्तुकला को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। उनके निर्देशन में निर्मित कुंभलगढ़ दुर्ग आज विश्व धरोहर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। इसकी लगभग 36 किलोमीटर लंबी परकोटा दीवार विश्व की सबसे लंबी किलेबंदियों में गिनी जाती है। इसके अतिरिक्त चित्तौड़गढ़ दुर्ग के अनेक महलों, मंदिरों तथा अन्य स्थापत्य संरचनाओं में भी मंडन के योगदान का उल्लेख मिलता है।

मंडन केवल कुशल शिल्पकार ही नहीं, बल्कि भारतीय वास्तुशास्त्र के महान आचार्य भी थे। उन्होंने प्रासादमंडन, राजवल्लभ, रूपमंडन और वास्तुमंडन जैसे कालजयी ग्रंथों की रचना कर नगर नियोजन, भवन निर्माण, मूर्तिकला और वास्तुकला के सिद्धांतों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उनके ग्रंथ आज भी भारत और विदेशों में वास्तुकला अध्ययन के महत्वपूर्ण संदर्भ माने जाते हैं।

### आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा की दूरदर्शी सोच से जन्मा यह विचार

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की संकल्पना उदयपुर के आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा ने की है। उनका मानना है कि दुनिया में असंख्य स्मारक राजाओं, वीरों और ऐतिहासिक घटनाओं की स्मृति में बने हैं, लेकिन उन वास्तुविदों के सम्मान में सार्वजनिक स्मारक नहीं हैं जिन्होंने इन सभ्यताओं और स्मारकों की कल्पना की। इसी सोच से 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' की अवधारणा विकसित हुई।

उनका कहना है कि किसी भी शहर की वास्तविक पहचान उसके आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स और सृजनशील मस्तिष्कों से बनती है। यह स्मारक उसी विचार को समाज के सामने स्थापित करेगा।

### विज्ञान, संस्कृति और आधुनिक वास्तुकला का अनूठा संगम

परियोजना की तकनीकी सहयोगी आर्किटेक्ट प्रियंका कोठारी ने बताया कि टॉवर की सबसे बड़ी विशेषता इसमें स्थापित होने वाली वर्टिकल सन डायल (ऊर्ध्वाधर सूर्य घड़ी) होगी। यह प्रकृति, समय और विज्ञान के शाश्वत संबंध को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगी। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक वास्तुकला का यह संगम इस स्मारक को केवल दर्शनीय ही नहीं, बल्कि एक शैक्षणिक आकर्षण भी बनाएगा।

### उदयपुर को मिलेगी नई वैश्विक पहचान

झीलों और महलों की नगरी उदयपुर को यह स्मारक एक नई समकालीन पहचान देगा। दिन में अपनी विशिष्ट वास्तु संरचना और रात में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के कारण यह पर्यटकों, आर्किटेक्ट्स, इंजीनियरों, विद्यार्थियों, शोधकताओं और डेवलपर्स के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। भविष्य में इसके भारत के आर्किटेक्चर टूरिज्म का महत्वपूर्ण लैंडमार्क बनने की भी संभावना है।

### क्रिएटिविटी और सृजनशीलता को समर्पित होगा यह स्मारक

'आर्किटेक्ट्स टॉवर' केवल कंक्रीट और स्टील का ढांचा नहीं होगा, बल्कि यह उन सभी शिल्पियों, सूत्रधारों और वास्तुविदों के प्रति समाज का सार्वजनिक सम्मान होगा जिन्होंने अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मक दृष्टि से सभ्यताओं को आकार दिया। भगवान विश्वकर्मा से लेकर महान सूत्रधार मंडन और आधुनिक युग के वास्तुविदों तक चली आ रही सृजनशील परंपरा को यह स्मारक नई पीढ़ियों तक पहुँचाएगा।

उदयपुर की यह पहल केवल शहर के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह संदेश भी देगी कि सभ्यताओं का निर्माण केवल सत्ता नहीं करती, बल्कि उन्हें अमर बनाने का कार्य दूरदर्शी और सृजनशील वास्तुविद करते हैं। यही सोच भविष्य में 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' को भारत ही नहीं, बल्कि विश्व वास्तुकला जगत में भी विशिष्ट पहचान दिला सकती है।

# राष्ट्रीय लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** लेक्रोज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटियस यूनिवर्सिटी में आयोजित 15 दिवसीय राष्ट्रीय लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर एवं चयन स्पर्धा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतिष्ठित शिविर में देशभर से चयनित 64 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें उदयपुर जनजाति क्षेत्र के 16 खिलाड़ी (10 महिला एवं 6 पुरुष) शामिल रहे, जिन्होंने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और उत्कृष्ट प्रदर्शन से राजस्थान का गौरव बढ़ाया।

लेक्रोज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तौसीफ लारी ने बताया कि शिविर में खिलाड़ियों को जापान के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक यूकारी यामामोटो एवं दायची तनाका के मार्गदर्शन में आधुनिक खेल तकनीक, योजनाबद्ध आक्रमण एवं रक्षण, तेज निर्णय क्षमता, गोल कन्वर्जन, फिटनेस, आत्मविश्वास और टीम समन्वय का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

शिविर प्रभारी सौरव बेताल, स्थानीय प्रभारी प्रशांत शर्मा, ऑब्जर्वर सज्जाद खान, संयोजक शकील खान तथा सहायक प्रशिक्षकों नीरज बत्रा (राजस्थान), फ्रांसिस (गुजरात) एवं राजपाल रेडु (हरियाणा) ने प्रशिक्षण का संचालन किया। वहीं डॉ. शिखा श्रीवास्तव ने खेल मनोविज्ञान एवं मानसिक मजबूती, जबकि डॉ. लता एवं डॉ. दीपक ने योग एवं ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन पर मार्गदर्शन दिया। फिजियोथैरेपी विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों को चोटों की रोकथाम एवं रिकवरी की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पेसिफिक ओलंपिक क्वालीफायर्स तथा मलेशिया में होने वाले साउथ ईस्टर्न एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर लेक्रोज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सांसद रवि किशन शुक्ला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि लेक्रोज तेजी से विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है तथा ओलंपिक खेल के रूप में इसका भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करने का आह्वान किया। गलगोटियस यूनिवर्सिटी के संस्थापक ध्रुव गलगोटिया एवं विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उदयपुर लौटे खिलाड़ियों का संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी, राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएसएमएमएल) के अध्यक्ष डॉ. पी. रमेश, राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी एवं अन्य पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभी ने खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उदयपुर, राजस्थान और भारत का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित करने की शुभकामनाएँ दीं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बड़ी घोषणा:

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर प्रदेश के चार प्रमुख पार्कों का होगा नामकरण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश के चार प्रमुख पार्कों का नाम उनके नाम पर रखने की घोषणा की। इसके साथ ही इन सभी स्थानों पर डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके आदर्शों को समर्पित स्मारकों की स्थापना भी की जाएगी। मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर स्थित वुडलैंड पार्क, जोधपुर के विवेक विहार स्थित सेंट्रल पार्क, कोटा के रामचंद्रपुरा अटल नगर स्थित पार्क तथा उदयपुर के सेक्टर-12 योजना स्थित पार्क का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया जाएगा। इन स्थानों पर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को प्रदर्शित करने वाले स्मारक भी विकसित



किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उनके विचार, त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय नई पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और संकल्पों को आत्मसात करते हुए विकसित भारत और विकसित राजस्थान के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# 20 वर्षों पुरानी श्मशान भूमि के रास्ते की समस्या का हुआ समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के दौरान ग्राम मुंडिया के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित श्मशान भूमि तक सार्वजनिक रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता लंबे समय से उपयोग में होने के बावजूद राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं था, जिससे लगभग 200-250 ग्रामीणों को श्मशान भूमि तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में प्राप्त आवेदन पर उपखंड अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित खसरा नंबरों में सार्वजनिक रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के आदेश जारी किए। इससे ग्रामवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो गया।



अब श्मशान भूमि तक पहुंचने का मार्ग राजस्व अभिलेखों में सुरक्षित दर्ज हो चुका है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या अवरोध नहीं रहेगा। इस निर्णय से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। यह सफलता ग्रामीण सेवा शिविर 2026 की त्वरित, पारदर्शी एवं जनहितकारी कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## मातृभाषा से मजबूत होगी प्राथमिक शिक्षा : विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़




**नाथद्वारा @ पदमावत मीडिया।** विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा और स्थानीय भाषा में शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषा से जुड़ा शिक्षक बच्चों को बेहतर ढंग से समझकर प्रभावी शिक्षा दे सकता है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की भाषा, संस्कृति और परंपरा हमारी पहचान है। प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय परिवेश और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। विधायक मेवाड़ ने कहा कि स्थानांतरण नीति जैसे विषयों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने की जरूरत है, ताकि शिक्षकों की सुविधा और विद्यार्थियों के हित दोनों सुरक्षित रह सकें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भारतीय भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# उदयपुर में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान को मिलेगा नया आयाम, 8 जुलाई को होगा महिला संवाद एवं सम्मान समारोह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उदयपुर पुलिस द्वारा संचालित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत 8 जुलाई को भव्य महिला संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद, जागरूकता और सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें जिलेभर की सक्रिय महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 29 जुलाई तक पूरे प्रदेश में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में उदयपुर पुलिस विभिन्न



जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा पुलिस द्वारा संचालित सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दे रही है। इस अभियान के अंतर्गत 8 जुलाई को प्रातः 10 बजे नगर निगम उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच सभागार में महिला संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकार, साइबर अपराध से बचाव तथा समाज में महिलाओं की सुरक्षा और भागीदारी जैसे विषयों पर संवाद किया जाएगा।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने जिले की जागरूक एवं सक्रिय महिलाओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। समारोह में सुरक्षा सखी, महिला सीएलजी सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजीविका एवं साथिन, एनएसएस एवं एनसीसी की छात्राएं, विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्राएं और शिक्षिकाएं, स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं, एएनएम, जीएनएम, महिला अधिवक्ता, आशा सहयोगिनी, गृहिणियां तथा महिला छात्रावास वार्डनों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# 'मीरा एक रंग अनेक' पुस्तक का विमोचन आज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान साहित्य अकादमी एवं मेड़तणि मीरां साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यकार डॉ. पुष्पा कलाल की पुस्तक 'मीरा एक रंग अनेक' का विमोचन समारोह मंगलवार को सायं 4 बजे राजस्थान साहित्य अकादमी के पुस्तकालय भवन परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में साहित्य एवं शिक्षा जगत के गणमान्य शामिल होंगे। मेड़तणि मीरां साहित्य संस्थान के कोषाध्यक्ष भंवरलाल जलानिया ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति शिवसिंह सारंगदेवोत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इतिहासकार एवं लेखक डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) डॉ. लोकेश भारती, मीरा कन्या महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. इंदिरा जैन, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती आशा पाण्डेय ओझा तथा राजस्थान साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. बसंतसिंह सोलंकी मौजूद रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण सेवा शिविर में दो साल से बंद पेंशन हुई बहाल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पंचायत समिति झाड़ोल की ग्राम पंचायत बाघपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एक बुजुर्ग



महिला के लिए राहत लेकर आया। शिविर में विभागीय समन्वय से रामली बाई भील की करीब दो वर्ष से बंद सामाजिक सुरक्षा पेंशन मौके पर ही बहाल कर दी गई।

शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह राजावत के निर्देशन में दस्तावेजों की जांच के दौरान जनआधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होना और पारिवारिक आय अपडेट नहीं होने जैसी तकनीकी कमियां सामने आईं। पंचायतीराज एवं सांख्यिकी विभाग ने तत्काल सुधार कर पेंशन दोबारा शुरू कर दी। इसी शिविर में बाघपुरा निवासी पेपीबाई पत्नी मोहनलाल तेली का नया पेंशन आवेदन भी स्वीकृत किया गया और उन्हें पीपीओ पत्र प्रदान किया गया। लाभार्थियों ने मौके पर समाधान मिलने पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### सेवा शिविरों से गांव-गांव पहुंच रहा सुशासन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के तहत जिले में आमजन की समस्याओं का मौके पर



समाधान किया जा रहा है। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में सोमवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। मावली उपखंड की ग्राम पंचायत चंदेसरा और नउवा में आयोजित शिविरों में नामांतरण, खातों के शुद्धिकरण, रास्तों से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा 24 पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। जिला प्रशासन ने बताया कि मंगलवार को जिले की 22 ग्राम पंचायतों में भी सेवा शिविर आयोजित होंगे। आमजन से शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

### चेयरमैन बनकर 5.30 करोड़ की साइबर ठगी

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने व्हाट्सएप पर कंपनी चेयरमैन की डीपी लगाकर 5.30 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े एक आरोपी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है।



आरोपी गिरोह को फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराता था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि गैलेक्सी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंटेंट को कंपनी मालिक के नाम और फोटो वाली व्हाट्सएप प्रोफाइल से संदेश भेजकर दो बैंक खातों में 5.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए गए थे। शिकायत मिलने पर साइबर क्राइम टीम ने तकनीकी जांच कर आरोपी राहुल अशोक (32) निवासी पुणे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिहाड़ी मजदूर है और फर्जी फर्म के नाम पर चालू खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराता था। पुलिस के अनुसार संबंधित खाते की लेनदेन सीमा 50 करोड़ रुपये तक कराई गई थी। मामले में अन्य आरोपियों और बैंक कर्मचारियों की संभावित संलिप्तता की भी जांच जारी है।

### 1,500 करोड़ के सुपारी तस्करी नेटवर्क पर ईडी का बड़ा प्रहार

**गुवाहाटी @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय ने अंतरराष्ट्रीय सुपारी तस्करी और धनशोधन मामले में असम, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के 20 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई में 1.30 करोड़ रुपये नकद, अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जबकि 33 बैंक खाते फ्रीज किए गए। जांच में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है।

# बदलती चुनौतियों के अनुरूप तकनीक आधारित पुलिसिंग अपनाएं : डीजीपी राजीव शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग की चुनौतियाँ तेजी से बदल रही हैं। साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया और डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पुलिस अधिकारियों को निरंतर अपने ज्ञान, कौशल और तकनीकी दक्षता को अद्यतन रखना होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, वैज्ञानिक साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग और मजबूत अभियोजन ही आधुनिक पुलिसिंग की सफलता का आधार है। वे इंटेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी, जयपुर में राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए आयोजित पाँच दिवसीय मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमसीटीपी) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों से आए 48 राजस्थान पुलिस सेवा अधिकारियों ने भाग लिया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने अधिकारियों से अनुसंधान के दौरान प्रत्येक तथ्य का गहन विश्लेषण करने, तकनीकी संसाधनों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करने तथा पीड़ित-केंद्रित पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, संगठित पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने तथा न्यायालयों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने तथा नवीनतम कानूनी एवं तकनीकी परिवर्तनों से लगातार अपडेट रहने की सलाह दी। साथ ही इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे अपराध अनुसंधान अधिक वैज्ञानिक, गुणवत्तापूर्ण और त्वरित बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम की शुरूआत में इंटेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी के निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। इसके बाद महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण एवं यातायात) अनिल पालीवाल ने अधिकारियों को सतत अध्ययन, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा व्यावसायिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण एवं यातायात) अनिल पालीवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) एच.जी. राघवेन्द्र सुहासा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक इंटेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी प्रदीप मोहन शर्मा सहित अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी अधिकारियों को साइबर अपराध, आधुनिक अनुसंधान तकनीक, डिजिटल साक्ष्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, न्यायिक दृष्टिकोण, राष्ट्रीय सुरक्षा, तकनीकी नवाचार तथा समकालीन पुलिसिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) एच.जी. राघवेन्द्र सुहासा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मानसून को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर ने सभी विभागों को दिए सख्त निर्देश

### असुरक्षित भवनों का सर्वे, कंट्रोल रूम स्थापना, स्वास्थ्य, बिजली एवं आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी उपखंड अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर मानसून पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध और प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों से मानसून की तैयारियों की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र के तहसीलदार, पटवारी, सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ तत्काल बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसून तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में असुरक्षित भवनों, विद्यालयों एवं अन्य जोखिम वाले स्थलों का सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक उपखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित कर उसकी जानकारी आमजन तक व्यापक रूप से पहुंचाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जयसमंद क्षेत्र को लेकर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा किए गए सर्वे की भी समीक्षा की गई। सर्वे के दौरान सामने आई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी सराड़ा को सभी सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम पूरी तरह सक्रिय रहे तथा झुके हुए विद्युत तारों, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान एवं अन्य संभावित जोखिमों का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि बारिश के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटी वेनम दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखने, नियमित फॉगिंग कराने, मच्छरदानियों का वितरण सुनिश्चित करने तथा विशेष रूप से स्नेक बाइट के प्रति आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

शिक्षा विभाग एवं सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पीईईओ के साथ बैठक कर स्कूल भवनों, विशेषकर छतों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वर्षा के शुरूआती दौर में ही व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पिछड़ रहे विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं एवं पंच गौरव से जुड़े प्रत्येक विषय पर विभागवार विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी उपखंड अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा राज्य आपदा मोचन बल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सेवा शिविरों और बजट घोषणाओं की समीक्षा की



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों, बजट घोषणाओं तथा संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को सेवा शिविरों में आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाने, निर्धारित समय पर पोर्टल पर डाटा अपलोड करने तथा बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण करने तथा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर विजयेश कुमार पंड्या, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र जोधा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी के पूर्व अधिकारी की 3.15 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनटीपीसी विंध्यनगर के पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक राकेश कुमार उपाध्याय की 3.15 करोड़ रुपये की चल एवं अचल संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और धनशोधन मामले में की गई। जांच में वाराणसी स्थित मकान और 1.88 करोड़ रुपये की एफडी को अवैध धन से अर्जित पाया गया। मामले की जांच जारी है।

### चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति का युवा शक्ति सम्मेलन अब 19 जुलाई को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति की कार्यकारिणी बैठक में आगामी युवा शक्ति सम्मेलन एवं वार्षिक आम सभा की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की तिथि बदलने का निर्णय लिया गया। अब यह आयोजन 19 जुलाई को होगा।

समिति के महासचिव हरीश चौबीसा ने बताया कि 12 जुलाई को अन्य समाजिक कार्यक्रम होने के कारण युवाओं की सुविधा को देखते हुए सर्वसम्मति से तिथि में परिवर्तन किया गया। सम्मेलन में सरकारी सेवाओं, निजी क्षेत्र, उद्यमिता, शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले चौबीसा समाज के प्रतिभावान युवाओं का सम्मान किया जाएगा।



इसी दिन वार्षिक आम सभा में समिति की गतिविधियों, आय-व्यय का विवरण तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा होगी। आयोजन की सफलता के लिए एक विशेष उपसमिति का भी गठन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संरक्षक डॉ. शरद चंद्र पुरोहित ने की। इस दौरान समिति के पदाधिकारी एवं समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रतापनगर थाना पुलिस की बड़ी सफलता: सक्रिय दुपहिया वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 3 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो बाल अपचारियों को डिटेन कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार सज्जन नगर निवासी दीपक प्रजापत ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जून 2026 को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल देबर कॉलोनी तिराहे पर मंदिर के पास खड़ी की थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।




जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा वृत्ताधिकारी छवि शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर सूचना, तकनीकी विश्लेषण और लगातार की गई तलाश के आधार पर शहर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को डिटेन किया। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर उदयपुर शहर से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त कर ली गईं। मामले में आगे की अनुसंधानात्मक कार्रवाई जारी है।

## नसीराबाद अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नसीराबाद ।** नसीराबाद छावनी परिषद पूर्व चेयरमैन व एम आर एस सदस्य योगेश सोनी ने राजस्थान सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को पत्र प्रेषित कर नसीराबाद के राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

प्रेषित पत्र में सोनी ने बताया कि नसीराबाद एक महत्वपूर्ण उपजिला मुख्यालय है, जहाँ नसीराबाद शहर सहित आसपास के अनेक गाँवों की बड़ी आबादी उपचार के लिए राजकीय अस्पताल पर निर्भर है। बढ़ती जनसंख्या एवं मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। इससे मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।




जनहित एवं क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना आवश्यक है।सोनी ने मांग की अस्पताल भवन की आवश्यक मरम्मत करवाई जाए, आईसीयू तक मरीजों के सुरक्षित आवागमन हेतु लिफ्ट की स्थापना की जाए, दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षित भंडारण हेतु आधुनिक स्टोर का निर्माण कराया जाए, मरीजों एवं विशिष्ट रोगियों की सुविधा के लिए कॉटेज वार्ड का निर्माण कराया जाए। अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना की जाए, ताकि दुर्घटना, प्रसूति एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।आवश्यक चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कार्मिकों के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएँ।अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।

### ग्रामीण सेवा शिविर में किसानों को मिला योजनाओं का लाभ, वितरित हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** ग्राम पंचायत बलिचा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर किसानों के लिए लाभदायक साबित हुआ। शिविर में कृषि विभाग ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए तथा कृषि योजनाओं के आवेदन भी मौके पर स्वीकार किए। शिविर में किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान, पाइपलाइन अनुदान, खेत तलाई निर्माण सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। साथ ही किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर वैज्ञानिक



खेती के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर प्रधान कन्हैयालाल मीणा, उपप्रधान देवराज, सरपंच श्रवण कुमार, शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर, विकास अधिकारी मंगू सिंह मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चारभुजा ग्रामीण सेवा शिविर में आमजन को मिला योजनाओं का लाभ

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत चारभुजा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने पात्र लाभार्थियों



को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर का निरीक्षण उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी ने किया। राजस्व विभाग ने नामांतरण, खातों के विभाजन, सीमाज्ञान एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किया, जबकि मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। पंचायती राज, कृषि, महिला एवं बाल विकास, आयुर्वेद, पशुपालन, चिकित्सा, रोडवेज और वन विभाग ने भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क यात्रा पास, किसानों को बीज मिनी किट, पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना का लाभ तथा आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सांसद मंजू शर्मा की अनुशंसा पर गलता तीर्थ के विकास को 50 लाख रुपये की स्वीकृति

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा की अनुशंसा पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित गलता तीर्थ में संरक्षण एवं मरम्मत कार्यों के लिए 50 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि राशि से गलता तीर्थ में सिविल मरम्मत एवं संरक्षण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों का क्रियान्वयन पर्यटन विभाग के माध्यम से आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने के बाद निर्धारित नियमों एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इससे गलता तीर्थ सरोवर के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### ग्रामीण सेवा शिविर में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर देशलदान ने पंचायत समिति साबला



की ग्राम पंचायत माल में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रत्येक शिविर से पहले समस्याओं की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। शिविर में जिला कलेक्टर ने 10 आवासीय पट्टों का वितरण किया। इसके अलावा 3 सामुदायिक शौचालय, 8 सोख्ता गड्ढों की स्वीकृति तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को किस्त जारी कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान विधायक उमेश डामोर, उपखंड अधिकारी मणिलाल तिरगर, ब्लॉक विकास अधिकारी वालसिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### साधु के वेश में छिपा रेप का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान में जयपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो बीते एक साल से साधु का वेश धारण कर मंदिरों में छिपा हुआ था। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने करीब एक साल पहले एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गया। पुलिस ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर उस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। फरारी के दौरान वह हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के विभिन्न मंदिरों में साधु का भेष बदलकर छिपता रहा, ताकि पुलिस को चकमा दे सके।



अर्चना पूरन सिंह ने सुनाया पुराना किस्सा

# अभि को दिया था पानी में धक्का

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की मशहूर कलाकार अर्चना पूरन सिंह को एक बार अभिषेक बच्चन ने पानी में धक्का दे दिया था। दरअसल, अर्चना ने आइकॉनिक मूवी 'अग्निपथ' में अभिषेक के पिता और दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर किया था। जब बिग बी को इस फिल्म के लिए 'बेस्ट एक्टर' का नेशनल अवॉर्ड मिला, तो बच्चन परिवार ने जीत का जश्न मनाने के लिए एक होटल में बड़ी पार्टी रखी, लेकिन पार्टी के दौरान, स्विट्जरलैंड से लौटे युवा अभिषेक ने कुछ ऐसा किया, जिससे उनके माता-पिता को बहुत शर्मिंदगी हुई और अर्चना भी नाराज हो गईं। इसी को लेकर एक्टर



अभिषेक बच्चन ने 'द कपिल शर्मा शो' में इस मजेदार घटना का जिक्र करते हुए कहा, 'सब लोग कराओके गा रहे थे और मजा कर रहे थे। वहां एक स्विमिंग पूल भी था। मैं बच्चा था और शरारती भी। शायद मैं 13-14 वर्ष का रहा होऊंगा। तब मैंने अर्चना पूरन सिंह को स्विमिंग पूल में धक्का दे दिया। उस घटना को याद करते हुए अर्चना ने कहा, 'मैंने मिनी स्कर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने मुझे पीछे से स्विमिंग पूल में धक्का दे दिया।' अपनी मेहमान के साथ हुई इस घटना पर बुरा महसूस करते हुए, अमिताभ और जया बच्चन ने अर्चना को सूखे कपड़े ऑफर किए। बिग बी ने कहा, 'ऊपर मेरे कुर्ते और पजामे रखे हैं। तो, अगर आप चाहें तो...' लेकिन, मैंने मना कर दिया और कहा, 'मैं कुर्ता-पजामा पहनकर पार्टी में शामिल नहीं रहूंगी और वो भी अमित जी के साइज का। बता दें कि मुकुल आनंद के निर्देशन में बनी 'अग्निपथ' को यश जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया था। यह फिल्म विजय दीनानाथ चौहान (अमिताभ का किरदार) की कहानी है, जो मुंबई अंडरवर्ल्ड का हिस्सा बनकर अपने पिता की मौत और अपने परिवार के साथ हुए अन्याय का बदला लेने के मिशन पर निकलता है। दिलचस्प बात यह कि इस फिल्म का टाइटल मशहूर कवि और बिग बी के पिता हरिवंश राय बच्चन की इसी नाम की कविता 'अग्निपथ' से लिया गया था।

# अभिनेत्री शीना चौहान निभाएंगी निगेटिव किरदार



**निर्देशक** पंकज पाराशर ने अपनी आगामी ओटीटी सीरीज में अभिनेत्री शीना चौहान की नकारात्मक भूमिका को लेकर बातचीत की। शीना को कास्ट करने को लेकर पंकज पाराशर ने बातचीत करते हुए कहा, 'मैं अपनी अगली ओटीटी सीरीज के लिए नेगेटिव लीड रोल में शीना को चुनकर खुश हूं, क्योंकि उनमें इस किरदार के लिए जरूरी सभी खूबियां हैं, खासकर मार्शल आर्ट्स की उनकी ट्रेनिंग। एक एक्ट्रेस के तौर पर वह बहुत उत्साहित और कमिटेड भी हैं। अपने काम के प्रति उनका समर्पण बहुत पसंद है।' नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए शीना चौहान ने कहा, 'यह खबर मेरे जन्मदिन के आस-पास आई और इसने मेरे जन्मदिन को बहुत खास बना दिया। मैंने हमेशा पंकज सर और उनकी ओर से वर्षों से बनाए गए शानदार, यादगार महिला किरदारों की तारीफ की है। इसलिए, जब मैं उनसे मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिली और उन्होंने मेरे साथ इस प्रोजेक्ट के बारे में बात की, तो मैंने उनसे बात की। शीना चौहान ने कहा, 'मुझे किरदारों और कहानियों को जीवंत करने से ज्यादा कुछ पसंद नहीं है। मैं हर रोल में अपना दिल और जान लगा देती हूं, इस उम्मीद के साथ कि मैं अपनी कहानियों के जरिए लोगों को प्रेरित और उत्साहित कर सकूंगी। एक्टिंग मुझे अपने असली मकसद को जीने का मौका देती है। यह मुझे अपनी थिएटर ट्रेनिंग, मार्शल आर्ट्स और फिटनेस का इस्तेमाल करके एक गहरे और दमदार किरदार को गढ़ने का मौका देती है। मैं इस सफर को शुरू करने के लिए सच में बहुत उत्साहित हूं।' सीक्रेट एजेंट्स पर आधारित आने वाली जासूसी सीरीज इस सितंबर में शुरू होने वाली है। शीना इसके बाद पैन-इंडिया साउथ फिल्म 'जटास्य मरणं ध्रुवम्' में जे. डी. चक्रवर्ती के साथ नजर आएंगी, जिसमें वह एक एक्शन-पैक्ड रोल में पुलिस अफसर की भूमिका निभा रही हैं। वह इस सीरीज में एक्शन सीन करती हुई भी नजर आएंगी। एक्ट्रेस के पास एक इंटरनेशनल वेब सीरीज भी है; इस साल उनकी लगभग पांच रिलीज लाइन में हैं।

# क्या प्रिंस और युविका के रिश्ते में आई दरार?

» सोशल मीडिया पर अनफॉलो करने से बढ़ी अटकल



**● क्यों ट्रेंड कर रहे हैं प्रिंस और युविका?**

जब फैंस को पता चला कि दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं कर रहे हैं, तो यह खबर तेजी से वायरल हो गई। कई लोग इसे उनके रिश्ते में आई परेशानी से जोड़कर देखने लगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जो इशारा करती हैं कि शायद मामला इतना गंभीर नहीं है। जैसे प्रिंस के इंस्टाग्राम नाम में अभी भी 'प्रिंस युविका नरूला' लिखा हुआ है। इसके अलावा, दोनों ने अपने साथ की कोई फोटो या पोस्ट डिलीट नहीं की है। इससे लगता है कि यह सिर्फ सोशल मीडिया का एक छोटा बदलाव भी हो सकता है।

**टीवी** के पॉपुलर कपल प्रिंस नरूला और युविका चौधरी एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है दोनों का एक दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो करना। प्रिंस नरूला और युविका चौधरी एक बार फिर ट्रेंड कर रहे हैं। इस बार वजह बना है उनका सोशल मीडिया, जहां फैंस ने नोटिस किया कि दोनों ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है।

इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग अंदाजा लगाने में लगे हैं कि क्या उनके रिश्ते में सब ठीक नहीं है या फिर ये सिर्फ एक छोटा सा ऑनलाइन बदलाव है।



जेंडर के आधार पर भेदभाव को लेकर कृति सेनन ने रखी राय

# क्या महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल जगह है बॉलीवुड?

कृति सेनन का मानना है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में अभी भी जेंडर के आधार पर भेदभाव होता है। उन्होंने यह भी बताया कि सवाल पूछने वाली अभिनेत्रियों को मुश्किल कहा जाता है। अभिनेत्री कृति सेनन अपनी नई फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने साथ हुए भेदभाव के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री को अक्सर उनके साथी अभिनेताओं से अलग तरह से जज किया जाता है। कृति ने इंडस्ट्री में काम करने की चुनौतियों के बारे में भी बात की है। बातचीत में कृति ने बताया कि उन्होंने मॉडलिंग, इंजीनियरिंग कॉलेज और फिल्म इंडस्ट्री में काम किया है।

वह जिन भी फील्ड्स का हिस्सा रही हैं, उनमें से बॉलीवुड ही वह जगह है जहां उन्हें सबसे ज्यादा चैलेंज का सामना करना पड़ा है। उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने अपना करियर शुरू किया था, तो महिलाओं के लिए आज की तुलना में बहुत कम मौके थे। कृति के मुताबिक, उस समय कई फिल्में मेल हीरो के आस-पास होती थीं, जिनमें अभिनेत्रियों को अक्सर सिर्फ रोमांटिक इंटरेस्ट के तौर पर लिया जाता था। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री धीरे-धीरे बड़ी हुई है, अब महिलाओं के लिए बेहतर लिखे गए रोल बन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लिंग के आधार पर भेदभाव अभी भी कई तरह से मौजूद है।

# 'ऐसे सीन नहीं करूंगा जो देखने में असहज हों'



**एक्टर** यश आने वाले दिनों में 'टॉक्सिक' फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का ट्रेलर भी हाल ही में रिलीज हो गया है। इस बीच उनका एक पुराना बयान काफी वायरल हो रहा है। केजीएफ स्टार यश आज भले ही पूरे देश में सुपरस्टार बन चुके हैं, लेकिन इससे पहले वह कन्नड़ सिनेमा में 'गूगली', 'गजकेसरी' और 'मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी' जैसी फिल्मों के लिए काफी मशहूर थे। टीवी से फिल्मों तक का सफर तय करने वाले यश ने अपनी अलग पहचान बनाई। साल 2014 में रमेश अरविंद के टॉक शो 'वीकेंड विद रमेश' में उन्होंने अपने रोमांटिक सीन और फिल्मों को लेकर दिलचस्प बातें शेयर की थीं। शो में यश ने कहा था कि उन्हें हैरानी होती है जब लोग कहते हैं कि वह रोमांटिक सीन बहुत अच्छे से करते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सीन करते समय वह सेट पर काफी नर्वस हो जाते थे। यश ने कहा, 'राधिका समेत कई लोग मेरे रोमांटिक सीन देखकर मुझ पर हंसते थे। इसी बातचीत में यश ने यह भी बताया था कि वह किस तरह के सीन करने से बचते हैं। उन्होंने कहा, 'आज तक मैं एक बात फॉलो करता हूं। अगर मैं अपने माता-पिता के साथ बैठकर किसी सीन को आराम से नहीं देख सकता, तो मैं वैसा सीन करता ही नहीं हूं।

## खेरवाड़ा थाना पुलिस का सख्त अभियान: 7 मॉडिफाइड और पावर बाइक जब्त, काली फिल्म लगी 5 कारों पर कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खेरवाड़ा थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 7 पावर एवं मॉडिफाइड बाइक जब्त कीं। इसके साथ ही काली फिल्म लगी 5 कारों के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी राजीव राहड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी करणाराम जाट के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने 6 जुलाई 2026 को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि 2 जुलाई से 16 जुलाई तक हेलमेट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठने वाले व्यक्तियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा हेलमेट, ओवरस्पीड, लेन अनुशासन और अन्य यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर उनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है।

## मावली थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 3.75 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मावली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 3.75 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा पुलिस उप अधीक्षक श्रवणदास के सुपरविजन में थानाधिकारी अशोक कुमार विष्णोई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर किशनलाल (22) निवासी गोटिपा, थाना वल्लभनगर को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.75 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।